# कमीशनिंग समावेशन दिशा-निर्देश

2025-2028

एसबीएस कमीशनिंग समावेशन दिशा-निर्देश ऑस्ट्रेलिया के बहुसांस्कृतिक और इंडिजेनस प्रसारक के रूप में हमारे विशिष्ट स्थान को दर्शाते हैं।
ये हमारे उस दायित्व को भी मान्यता देते हैं जिसके अंतर्गत हम निरंतर उद्योग में ऐसे परिवर्तनों का नेतृत्व करते हैं जो हमारे दर्शकों का प्रतिनिधित्व करने वाले और अधिक समावेशी हों — चाहे वह कैमरे के सामने हों या उसके पीछे।

## एसबीएस के समावेशन लक्ष्य क्या हैं?

एसबीएस के कमीशनिंग समावेशन दिशा-निर्देश एसबीएस द्वारा कमीशन्ड स्क्रिप्टेड और अनस्क्रिप्टेड कार्यक्रमों में, शो-दर-शो आधार पर, ऑन-स्क्रीन और ऑफ़-स्क्रीन भूमिकाओं तथा करियर प्रगति के लिए लक्ष्यों को रेखांकित करते हैं। इनमें एसबीएस के लिए एक प्रसारक के रूप में लक्ष्य भी शामिल हैं, ताकि हमारी समग्र कमीशन्ड कंटेंट सामग्री में प्रतिनिधित्व को मापा और ट्रैक किया जा सके। ये लक्ष्य बाधाओं को दूर करने और यह सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं कि क्षेत्र में हर कोई समान अवसरों के साथ भाग ले सके और सफलता प्राप्त कर सके।

| | ऑन-स्क्रीन | ऑफ़-स्क्रीन | ऑस्ट्रेलियाई जनसंख्या |
|---|---|---|---|
| प्रथम राष्ट्र के लोग | 3-5% | 3-5% | 3.8% |
| सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविध | 40-50% | 40-50% | 45% |
| ग़ैर-यूरोपीय सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविध | 24-26% | 24-26% | 25% |
| विकलांगजन | 8-13% | 8-13% | 21.4% |
| एलजीबीटीक्यू+ | 8-12% | 8-12% | 11% |
| महिलाएं | 45-55% | 45-55% | 50.7% |

## उपलब्ध सहायता

- पूरे कमीशनिंग समावेशन दिशा-निर्देश यहां पढ़ें।
- अतिरिक्त सहायता के लिए कमीशनिंग विविधता एवं समावेशन टीम से संपर्क करें।

